मदन कौशिक को पौधा भेंट करते वृक्षमित्र डा. त्रिलोक चंद्र सोनी।





## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक को डा. सोनी ने उपहार में दिया पौधा

**संवाददाता** देहरादून। दीपावली पर्व पर जहां लोगों का पटाखों की ओर ध्यान है वही पर्यावरण संतुलन बनाने में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉक्टर डॉ त्रिलोक चंद्र सोनी ने दीपावली के उपहार में पौधा देने की अपील की। दीपावली के बधाई देने यमुना कालोनी पहुंचे वृक्षमित्र डॉ सोनी ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक को पौधा उपहार में देकर दीपावली की बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक ने वृक्षमित्र द्वारा दिया उपहार स्वीकारते हुए वनों का संरक्षण करना सबका दाईत्व हैं तभी हमारे जंगल हरे भरे रहेंगे।

### लोकल फॉर वोकल के तहत की खरीददारी

**संवाददाता** देहरादून। यमुना कालोनी में लोकल फॉर वोकल के तहत लगे स्टाल में भाजपा अध्यक्ष मदन कौशिक, विधायक हरवंश कपूर ने खरीदारी की। उन्होंने दीए, मोमबत्ती और दीपावली के लिए बने स्थानीय उत्पाद खरीदे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि स्थानीय उत्पाद खरीद कर लोगो को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान सचिन गुप्ता आदि अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आस्था का प्रदर्शन कर राजनीति कर रही है कांग्रेसः चौहान

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उत्तराखंड दौरे से पहले ही सुखद संकेत मिलने लगे हैं, जब उत्तराखंड के ही कांग्रेसी नहीं, बल्कि दूसरे प्रदेश के भी बाबा के दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं और आस्था का प्रदर्शन भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भी इस मौके पर भजन कीर्तन कर रही है,लेकिन भक्ति निस्वार्थ होती हैं और कांग्रेस में भक्ति का यह स्वरूप मोदी के दौरे से पहले जागृत होना राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि राम के अस्तित्व को नकारने वाले दल आज सनातन की ओर लौट रहे हैं यह सुखद है।

### विजय प्रताप सिंह ने किया हिमालय से हिन्द महासागर साइकिल अभियान

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून से 8 अक्टूबर 2020 को आरम्भ हुआ साहसिक साइकिल अभियान 26 अक्टूबर 2021 को भारत के अंतिम छोर कन्याकुमारी में समाप्त हुआ। कुल 19 दिन के इस अभियान में विजय प्रताप सिंह ने 3027 किलोमीटर की दुरी तय की जिसमे 201 घंटे की साइकिलिंग शामिल है। इस अभियान का उद्देश्य पुरे देश के युवाओं को राष्ट्र के प्रति अपनी सेवाओं से अवगत करना था।

# मुख्यमंत्री धामी ने किए बाबा केदारनाथ के दर्शन

**जायजा**

■ प्रधानमंत्री मोदी के आगमन की तैयारियों का लिया जायजा

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्री केदारनाथ धाम पहुंच कर बाबा केदारनाथ जी के दर्शन किये। मुख्यमंत्री ने केदारनाथ पुनर्निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। 5 नवंबर को प्रधानमंत्री जी के केदारनाथ आगमन के लिए की जा रही तैयारियों का भी जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने तीर्थ पुरोहितों और पंडा समाज के प्रतिनिधियों से भी वार्ता की। सौहार्दपूर्ण बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जन भावनाओं का सम्मान करने वाली सरकार है। तीर्थों के पंडा, पुरोहित और पुजारियों के मान सम्मान को कोई ठेस नहीं पहुंचाई जायेगी। हम सकारात्मक, धनात्मक और विकासात्मक दृष्टिकोण से चारधाम, पंडा, पुरोहित और पुजारी समाज के सम्मान तथा धार्मिक आस्था की



गरिमा के सम्मान के लिए तत्पर हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बाबा केदार के प्रति विशेष आस्था और श्रद्धा है। उनका उत्तराखण्ड को दुनिया की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राजधानी के तौर पर विकसित करने का विजन है। पूरी दुनिया के लोग यहां आध्यात्मिक शांति के लिए आएंगे। आधुनिक इतिहास में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर केदारनाथ धाम का पुनर्निर्माण किया जा रहा है। पहले चरण के काम हो चुके हैं। दूसरे चरण के काम शुरू हो रहे हैं।

आदि गुरु शंकराचार्य जी की समाधि का लोकार्पण करने के साथ ही उनकी प्रतिमा का भी अनावरण किया जाएगा। मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री डॉ हरक सिंह रावत, सुबोध उनियाल भी थे।

### सीएम ने प्रदेशवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैयादूज की बधाई दी

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैयादूज की बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि दीपावली का पर्व अशांति पर शांति, बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। दीपावली मां लक्ष्मी और देवी अन्नपूर्णा की आराधना तथा सामाजिक समरसता का पर्व भी है। मुख्यमंत्री ने गोवर्धन पूजा को समाज एवं राष्ट्र की आर्थिक–सांस्कृतिक संसाधनों के संरक्षण का प्रतीक पर्व बताते हुए कहा है कि यह पर्व भगवान श्री कृष्ण के महान चरित्र का स्मरण भी कराता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भैयादूज के पावन पर्व पर प्रदेशवासियों, विशेष रूप से महिलाओं को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि यह पर्व भाई–बहनों के प्रेम के साथ ही मातृ शक्ति के सम्मान, परिवार एवं समाज में उनके महत्व को भी प्रदर्शित करता है।

दीपावली का यह पावन पर्व हम सबके जीवन में सुख समृद्धि लाये इसकी भी मुख्यमंत्री ने कामना की है।

# केदारनाथ में पीएम मोदी जनसभा को करेंगे संबोधित

**केदार दौरा**

■ कई परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

**संवाददाता**


देहरादून। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच नवंबर को बाबा केदार के धाम केदारनाथ आ रहे हैं। इस दौरान वह यहां जनसभा को भी संबोधित करेंगे। इसके साथ ही वह कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगे। जिसमें मंदाकिनी रिटेनिंग वाल आस्थापथ और घाट, मंदाकिनी रिटेनिंग वाल आस्थापथ, तीर्थ पुरोहित आवास और मंदाकिनी नदी पर बना गरुड़चट्टी पुल शामिल है।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच नवंबर को उत्तराखंड के केदारनाथ धाम आएंगे। वह केदारनाथ मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। वह श्री आदि शंकराचार्य समाधि का उद्घाटन करेंगे और श्री आदि शंकराचार्य की प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

गौरतलब है कि वर्ष 2013 की केदारनाथ में आई बाढ़ में विनाश के बाद समाधि का पुनर्निर्माण किया गया है। केदारनाथ में शंकराचार्य समाधि में आदि शंकराचार्य की प्रतिमा स्थापित की गई है। मूर्ति कर्नाटक में तैयार की गई। पांच मूर्तिकार बैंगलूर से केदारनाथ पहुंचे थे। प्रतिमा कृष्णाशिला पत्थर से तैयार की गई है। मैसूर के मूर्तिकारों ने इसका निर्माण किया है। यह तीन हिस्सों में है। केदारनाथ में शंकराचार्य समाधि का निर्माण कर रहे वुड स्टोन कंस्ट्रक्शन कंपनी के केदारनाथ प्रभारी मनोज सेमवाल ने बताया कि शंकराचार्य की प्रतिमा केदारनाथ भारतीय वायु सेना के हेलीकाप्टर से पहुंचाई गई। इसे भारतीय वायु सेना के हेलीकाप्टर चिनूक से पहुंचाया। बताया कि मूर्ति को स्थापित करने के लिए कर्नाटक से पांच मूर्तिकार आए हैं। जो मूर्ति को समाधि स्थल पर स्थापित किया।

**कर्नाटक में तैयार की गई आदि शंकराचार्य की प्रतिमा**

केदारनाथ में आदि शंकराचार्य समाधि में स्थापित की गई प्रतिमा कर्नाटक के मैसूर में तैयार की गई, जिसे सड़क मार्ग से गोचर पहुंचाया गया, यहां से भारतीय वायु सेना के हेलीकाप्टर से केदारनाथ धाम पहुंचाया गया। मूर्ति स्थापित करने के लिए पांच मूर्तिकारों की टीम भी कर्नाटक से केदारनाथ पहुंची थी।



### मोदी के केदार दौरे का 35 स्थानों में होगा ऑनलाइन प्रसारण

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा संगठन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5 नवम्बर को केदार नाथ में होने वाले दौरे में पूजा अर्चना के दौरान ऑनलाइन प्रसारण के जरिये 35 देवालयों में भव्य आयोजन की तैयारी की है। संगठन स्तर पर 35 देवालयो/मंदिरों में मंत्री, विधायक, सांसद और पदाधिकारियों को दायित्व सौपा गया है। पार्टी के मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक एवं प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय के निर्देश पर सभी जिलाध्यक्ष और पदाधिकारियों को कार्यक्रम की रूरेखा से अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के केदारनाथ दौरे के दौरान उत्तराखंड में 35 स्थानों पर उत्तराखंड के देवालयों में कार्यक्रम को सुना जाएगा एवं पदाधिकारियों के साथ वरिष्ठ मंत्री,सांसद या विधायक भी प्रतिभाग करेंगे।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।